श्रमदान से खिल उठी ऐतिहासिक मेहराब साब की तलैया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 मई. गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्वालियर में एक अनूठा और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। लक्ष्मीगंज स्थित ऐतिहासिक मेहराब साहब की तलैया पर सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की अगुआई एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की प्रेरणादायक मौजूदगी में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन एक साथ उतरे। किसी ने तसला थामा, किसी ने फावड़ा उठाया और किसी ने कुदाल संभाली। सब कतारबद्ध होकर तलैया की सफाई में जुट गए। यह दृश्य 'मिले सुर मेरा तुम्हारा, तो सुर बने हमारा' की भावना को साकार कर रहा था। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिखाया जज्बा

इस सामूहिक श्रमदान में सांसद भारत सिंह कुशवाह, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, जीडीए उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजोरिया, अनिल सांखला, धर्मेंद्र तोमर 'बिट्टू', राजू पलैया, नगर निगम के पार्षदगण व जनप्रतिनिधियों ने कंधे से कंधा मिलाकर बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। वहीं प्रशासनिक मोर्चे पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, जिला पंचायत सीईओ सोजन सिंह रावत, अपर आयुक्त मनोज तोमर, अपर आयुक्त मुनीश सिकरवार, एसडीएम नरेन्द्र बाबू यादव एवं नरेश चंद्र गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी पूरे जोश के साथ श्रमदान की इस कतार में शामिल हुए।

ईंधन की बचत का भी दिया संदेश

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर 'जल गंगा संरक्षण अभियान' के तहत ग्वालियर में एक अनूठी पहल देखने को मिली। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारी पेट्रोल-डीजल की बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते के लिए अपने - अपने वाहनों की बजाय एक ही बस में बैठकर सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे। साथ कार्यक्रम के बाद उसी बस से वापस आए कलेक्टर आम आदमी की तरह बस से अपने घर तक पहुंचीं.

सामूहिक श्रमदान ने दिया जल संरक्षण का सशक्त संदेश

इस आयोजन ने एक बड़ा संदेश दिया। जब शासन और समाज मिलकर चलते हैं, तो बदलाव जरूर आता है। ऐतिहासिक मेहराब साहब की तलैया की यह सफाई केवल एक जलाशय को स्वच्छ करने का प्रयास नहीं था। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जल धरोहरों को सहेजने का संकल्प था। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐसे आयोजन समाज में जल संरक्षण की अलख जगा रहे हैं। साथ ही सहभागिता, एकजुटता और पर्यावरण चेतना को भी नई ऊर्जा दे रहे हैं।

जीडीए अध्यक्ष भदौरिया ने की प्राधिकरण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 मई. जीडीए के अध्यक्ष श्री मधुसूदन भदौरिया ने सोमवार को ग्वालियर विकास प्राधिकरण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के लंबित तकनीकी कार्यों, लंबित भुगतानों एवं विभिन्न योजनाओं में हुए अतिक्रमण की जानकारी तकनीकी शाखा से आगामी तीन दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

अध्यक्ष श्री भदौरिया ने लंबित विकास कार्यों को नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में माधव प्लाजा योजना की अविक्रित संपत्तियों के विक्रय हेतु विशेषज्ञ एजेंसी से सुझाव प्राप्त करने, योजना के

लंबित कार्यों, भुगतानों व अतिक्रमण संबंधी जानकारी प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

रखरखाव, टीडीएस-4 योजना के क्रियान्वयन तथा टीडीएस-5 योजना को पूर्व में बोर्ड द्वारा समाप्त किए जाने के कारणों की समीक्षा की गई।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण की प्रस्तावित नवीन योजनाओं में टीएनसीपीई द्वारा किसी भी प्रकार की अनुमति प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना जारी न की जाए तथा इस संबंध में सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

अध्यक्ष श्री भदौरिया ने सभी अधिकारियों को चुस्ती एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर नरोत्तम भार्गव, कार्यपालन यंत्री, संपदा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

तिघरा डैम में डूबने से दो दोस्तों की मौत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 मई. जनकगंज थाना क्षेत्र से दो दिन पहले लापता हुए दो दोस्तों के शव सोमवार सुबह तिघरा डैम के कैथा रपटा के पास पानी में उतराते हुए मिले। घटना की सूचना मिलते ही तिघरा

कैथा रपटा के पास दो दोस्तों के मिले शव, शनिवार से थे लापता, एक दिन पहले लावारिस मिली थी इनकी बाइक

थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, काला सैय्यद जनकगंज निवासी मोहित रजक (25) पुत्र राजकुमार रजक एक वकील के यहाँ काम करता था। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपनी होन्डा शाइन बाइक लेकर अपने दोस्त अभिषेक सगर (24) पुत्र जानकी प्रसाद सगर के

घर पहुंचा था। अभिषेक मकान बनाने का ठेका लेता था। इसके बाद दोनों बाइक से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश करने के बाद जनकगंज थाने में दोनों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

तिघरा थाना प्रभारी शिवराम कंषाना ने बताया कि रविवार को पुलिस को कैथा रपटा के पास एक होन्डा शाइन बाइक लावारिस हालत में मिली थी। पुलिस बाइक के आधार पर दोनों की तलाश कर ही रही थी कि सोमवार सुबह डैम के पानी में दो युवकों के शव उतराते हुए देखे गए। इसी दौरान मृतकों के परिजन भी उन्हें ढूंढते हुए तिघरा पहुंच गए, जिन्होंने कपड़ों और हुलिए के आधार पर शवों की पहचान मोहित और अभिषेक के रूप में की।

पुलिस के मुताबिक, पानी में करीब दो दिन रहने के कारण दोनों शव डीकंपोज होने लगे थे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जेएएच के शवगृह में भेज दिया है।

पीएम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

दोनों दोस्तों की मौत डैम में नहाने के दौरान डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई और कारण है, इसकी सस्पेंस अभी बरकरार है। थाना प्रभारी का कहना है कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

जैन आर्यिका माताजी की रीवा में वाहन दुर्घटना में हुई मौत के विरोध में जैन समाज का धरना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 मई. जैन धर्म की दो आर्यिका माताजी की रीवा में वाहन दुर्घटनाओं में हुई मौत के विरोध में तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु 'राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान' के अंतर्गत संत सुरक्षा गाइडलाइन बनाए जाने की मांग को लेकर सकल जैन महापंचायत ग्वालियर के अध्यक्ष पारस जैन के नेतृत्व में सकल जैन समाज ग्वालियर द्वारा इंदरगंज जैन मंदिर पर विशाल धरना एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ज्ञापन अतिरिक्त कलेक्टर विनोद जी एवं अनुभागीय अधिकारी नरेंद्र यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में पदविहारी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर ठोस व्यवस्था एवं दिशा-निर्देश बनाए जाने की मांग की गई।

कार्यक्रम में प्रात:काल से ही मुरार, दीनदयाल नगर, विनय नगर, सिकंदर कंपू, थाटीपुर, सिटी सेंटर, किला गेट, गोपाचल एवं नई सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों से वाहन एवं पैदल जुलूस के रूप में समाजजन इन्दरगंज चौराहे पर पहुंचे। बड़ी संख्या में महिला, युवा एवं वरिष्ठ समाजजनों की उपस्थिति ने जैन समाज की एकजुटता का परिचय दिया।

कार्यक्रम समन्वयक अनिल शाह के निर्देशन में समस्त मंदिर कमेटियों एवं सामाजिक संस्थाओं ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपे। इसमें स्वर्ण मंदिर, चंपाबाग, मुमुक्षु समाज, नया बाजार, इंदरगंज, मुरार, विनय नगर, थाटीपुर, दानाओली, सोनागिर समिति, सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर, महिला परिषद, आप और हम, जागरण मंच, राजेश लाला मित्र मंडल, जैन मिलन, महिला परिषद सहित अनेक संस्थाओं ने महापंचायत के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन ललित जैन भारती एवं अनुपम चौधरी जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन अशोक बैद ने व्यक्त किया।

इन्होंने किया सम्बोधित

इस अवसर पर आर.के. जैन (पूर्व आईएएस), पारस जैन मुरार, सुनील शास्त्री, अजीत अचल, महेश जैन, दिनेश जैन (ऐसा वाले), संजयमणि जैन, महेंद्र टोंग्या, बालचंद्र जैन, राजेंद्र जैन एडवोकेट, पवन जैन पत्रकार, डॉ. मुकेश जैन, पदमचंद जैन, शीतल जैन, लोकेश शाह, संजय मेहता, वीरेंद्र चौधरी नरवर, उर्मिला जैन, नेहा जैन, राजकुमार जैन, धर्मेंद्र जैन, गुलजारी लाल, विकास जैन, महेंद्र जैन, रवि जैन, दिनेश ऐंसाह वाले, अनिल जैन, अतुल जैन, सुभाष जैन, डॉ. विकास जैन, रवींद्र सिंघई, पीयूष सिंघई, प्रवीण गंगवाल, अजय जैन, आशीष जैन एवं अमित भंडारी सहित अन्य समाज जनों ने सभा को सम्बोधित किया!

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95